माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, ग्वालियर
MADHAV INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE, GWALIOR
Deemed University
(Declared under Distinct Category by Ministry of Education, Government of India)
NAAC ACCREDITED WITH A++ Grade
Gola Ka Mandir, Gwalior (M.P.)- 474005, INDIA
Ph.:+91-751-2409300, E-mail: vicechancellor@mitsgwalior.in, Website: www.mitsgwalior.in

क्रमांक: छात्र शाखा/2026/30 दिनांक: 22.02.2026 23

आवश्यक सूचना

विषय: गाँव की बेटी योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 हेतु छात्रवृत्ति आवेदन आमंत्रित करने बाबत।

संचालक, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन, चौथी मंजिल, भोपाल के पत्र क्रमांक **/05/यो/एस/2008/54 भोपाल दिनांक 07.01.2008** के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि **"गाँव की बेटी योजना"** अंतर्गत सत्र **2025-26** हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है।

पात्रता / आवश्यक अभिलेख:

1. सत्र 2025-26 में संस्था में नियमित अध्ययनरत छात्रा हो (जिन छात्राओं ने किसी अन्य छात्रवृत्ति योजना में आवेदन किया है, वे इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होंगी)।
2. गाँव की बेटी योजना अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित छात्रा द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र।
3. संबंधित छात्रा के गाँव की निवासी होने के संबंध में सरपंच द्वारा जारी प्रमाण-पत्र।
4. प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण होने के संबंध में संबंधित शाला द्वारा जारी प्रमाण-पत्र।
5. जनपद पंचायत द्वारा जारी "गाँव की बेटी" प्रमाण-पत्र।

आवेदन प्रक्रिया:

समस्त पात्र छात्राएँ अपना आवेदन **छात्रवृत्ति पोर्टल** https://hescholarship.mp.gov.in पर ऑनलाइन भरकर, उपर्युक्त अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रतियों सहित **दिनांक 28.02.2026** तक छात्र शाखा कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें।

निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत न करने वाली छात्राएँ छात्रवृत्ति से वंचित मानी जाएँगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्रा की स्वयं की होगी।

N Paliwal 22/02/26
रजिस्ट्रार (प्रभारी)

प्रतिलिपि (सादर सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु):

1. माननीय संचालक, तकनीकी शिक्षा, म.प्र. शासन, भोपाल।
2. माननीय कुलपति महोदय कार्यालय
3. माननीय सम कुलपति कार्यालय
4. समस्त डीन
5. समस्त विभागाध्यक्ष / प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर से निवेदन है कि कृपया उक्त सूचना को संबंधित कक्षा समन्वयक के माध्यम से सभी छात्रों तक प्रेषित करने का कष्ट करें एवं संबंधित सूचना पटल पर प्रदर्शित करने हेतु
6. वेब प्रबंधक — संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सादर अनुरोध
7. छात्र शाखा
8. समस्त सूचना पटल
9. रजिस्ट्रार कार्यालय